बात चल रही है उसमें लेटेस्ट मॉडल की मशीनें आप बैठाइए। आपकी दस मिलों की मशीनें जितना उत्पादन का कार्य नहीं करती है, साउथ कोरिया की एक मशीन इतने उत्पादन का कार्य करती है और आप इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं। तो पहला नवीनीकरण आप इस रूप में कीजिए। दूसरी बात—प्रबंधन की है, जिसके बारे में माथुर साहब और दूसरे लोगों ने भी आशंका व्यक्त की और आपने खुद भी स्वीकार किया है और कहा है कि प्रबंधन का अर्थ राष्ट्रीयकरण के बाद बदल कर उत्पादन से ज्यादा अपने लाभ में सीमित हो जाता है। माफ करेंगे, इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो मिलें थी उनका मालिक एक था। तो एक मिल मालिक सब कुछ कर लेता था। यहां आपके अनेक अधिकारी रहते हैं, प्रबंध के लोग रहते हैं सब के सब मालिक हैं और सब का अपना-अपना काम है, सब का अपना-अपना करिश्मा है, उसमें मैं नहीं जाना चाहता। लेकिन आप प्रबंधन ठीक किजिए, यह मैं आपसे जरूर कहना चाहता हूं। उसमें एक्सपर्ट रूप में कीजिए, मेनेजमेंट के लोगों को लेकर कीजिए।

तीसरी बात, मैं यह कहना चाहता हूं कि उत्पादन के साथ जब तक आप उसके खपत की व्यवस्था नहीं करेंगे तब तक आपका काम ठीक से नहीं चलेगा। कुछ मिलें ऐसी हैं जिनके बारे में मैंने प्रश्न किया था और आपका उत्तर मिला, जहां आपका करोड़-करोड़ रुपए का स्टॉक पड़ा हुआ है और बिक नहीं रहा है। तो आप उत्पादन के साथ-साथ जब तक उनके विक्रय की व्यवस्था नहीं करते हैं तो आपका पैसा तो वैसे ही पड़ा हुआ है। मैं आपसे इसके लिए यह कहना चाहता हूं कि मंत्री महोदय जी, आप बिल्कुल बांध लीजिए कि हम चार तरह का उत्पादन करेंगे, पांचवे उत्पादन में नहीं जाएंगे। क्यों आप उतने में जाते है? एक समय था जब सोवियत संघ में 4 तरह के कपड़े बनते थे। चाहे ड्राईवर हो या राष्ट्रपति हो, बस उसी कपड़े को पहनते थे। हमारा सौभाग्य है कि हमको बाहर से कपड़ा आयात नहीं करना पड़ता है, हम स्वयं निर्यात करते है। आपने मेरे प्रश्न के उत्तर में यहां पर एक अगस्त, 95 को जवाब दिया जिसमें 1994-95 के दौरान एन० टी० सी० के मिलों के फेरिब के निर्यात की फिगर आपने 47.6 दी है। 47 करोड़ रुपया आपने दिया है। मार्केटिंग कहां आपने की है?

जर्मनी में, फ्रांस में, इटली में, बेल्जियम में, यू० के० में तथा यू० एस० ए० में। इससे साफ जाहिर होता है कि जो दुनिया के बड़े मुल्क हैं जो पूर्णतया विकसित हैं, दि मोस्ट डेवलप्ड कंट्रीज जो दुनिया के हैं, वहां भी आपके माल की मांग है, उनको जरूरत है तो आप केवल चार तरह का उत्पादन कीजिए और चार तरह का जो उत्पादन कीजिए, खपत की जो आप व्यवस्था कीजिए तो सबसे पहले सरकारी उपक्रमों को पकड़िए, रेलवे को पकड़िए, सरकार से बड़ा कंज्यूमर कौन है? हर जगह जब हम लोग उपक्रमों में जाते हैं, आजकल यह हो गया है कि उपक्रम में सब लोगों को एक तरह का कपड़ा दिया जाता है। मैं नहीं जानता कि आपसे लोग खरीदते हैं या बाहर से लोग खरीदते हैं लेकिन आपको वह ठीक करना पड़ेगा।

उपसभाध्यक्ष जी, जिन उद्देश्यों को ले करके इन मिलों को नेशनलाइज़ किया गया था, राष्ट्रीयकृत किया गया था, उनमें सबसे बड़ी बात यह थी कि हम बेरोज़गार को रोज़गार दे लेकिन जो नीति है भारत सरकार की, उसमें ऐसा हुआ कि गोल्डन शेकहैंड करके लोग एकमुश्त पैसा ले ले और एकमुश्त पैसा ले करके उनका विदाई समारोह हो जाए और वे चले जाएं। नए आदमियों को तो आप बहाल ही नहीं कर रहे हैं। तो पुरानी मिल, पुराने लोग, बेचारे थके हुए, हारे हुए निराश, उनकी आंखों को देखिए तो रोलाई आ जाएगी, निराशा ही निराशा उनकी आंखों में भरी हुई है। तो हम यह चाहते हैं कि जब नया रूप आप उन मिलों को देंगे, नई मशीनों के द्वारा, नए प्रबंधन के द्वारा तो नए लोगों को आप उसमें ले आइए तब उसका एक असर आपको पड़ेगा। मैं इतना ही आपसे कहना चाहता हूं कि आपने यह जो बिल लाया है यहां पर, मैं उसमें बहुत नहीं जाना चाहता हूं इसलिए कि बहुत भाषण देने के बाद अंत में तो हम लोग आपकी बात मान लेंगे और मेज थपथपा कर पास कर देंगे लेकिन हम आपसे यह कहना चाहते है कि आपके मन में अगर मजदूरों के लिए दर्द है और सब कुछ है तो एक आप नई शेप इसको दीजिए। आपका नाम इसमें वेंकटस्वामी जी हो जाएगा। आप मजदूरों के हितों की भी रक्षा करते रहे हैं और सच में आपको जानकारी रही है, मैं इस बात को जानता हूं। अगर आपने बीच में ही छोड़ दिया, सबसे बड़ा तो आपको मौका मिला कि पांच साल से आप कम से कम मंत्री तो इसके हैं और भगवान का आप के ऊपर कितना बड़ा आशीर्वाद रहा कि दूसरे लोग जहां राज्य मंत्री के ही राज्य मंत्री हैं, आप केबिनेट स्तर के मंत्री हो गए। देखिए, कितनी बड़ी इजत बच गई आपकी। तो आप एक नई शेप इसको दीजिए। यह राष्ट्रीयता का भी परिचायक है और राष्ट्रीय उत्पादन जो कुछ भी होता है, वह किसी एक व्यक्ति का नहीं होता, सरकार का नहीं होता, पूरे राष्ट्र का होता है। इन्हीं शब्दों

के साथ मैं आशा करता हूं कि जो सुझाव मैंने आपको इस संबंध में दिए हैं, उन सुझावों को आप मानेंगे। उपसभाध्यक्ष जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI JIBON ROY (West Bengal): Mr. Vice-Chairman, I support both these Bills subject to the acceptance of my amendments and subject to a little bit of reservation. Most of the amendments, which I advanced, are of a nominal nature. Considering the spirit and intention of the Bills, I believe and hope that the hon. Minister will accept them.

Before I go to my reservations, I must appreciate the hon. Minister for taking pains, creating the ground, for preparing these two Bills. I believe, considering the tenacity with which he repepared these Bills, he will see to it that the provisions of these Bills are pursued and implemented and that these legislations are not used for any other interest than for protecting the interests of the industry, the people and the workers and they are not misused. I am happy that the Government has decided to nationalise and take over the mills. It is necessary for modernisation. Both are interlinked. If, on the one side, you take a position that you want modernisation and, on the other, you say, "No nationalisation", then it is counterproductive. Both are interlinked, modernisation and nationalisation.

I can understand that it is necesrary. Modernisation is necessary to protect employment, to meet the export requirement. I hope that exports would increase in the near future. If I am not worng, the export component of cloth is 40 per cent of the total exports. It was also necessary for meeting the cloth requirement of the masses.

I am not happy and nobody can be happy with the disposal of the fixed assets, plant and machinery and other things. The Government should take extreme caution and see to it that this right which is conferred on the Government is not misused in any way. As my esteemed colleague has suggested, you should not dispose of all the machinery at the same time. When you are going in for modernisation, you are taking the line of disposal. Extreme caution has to be taken otherwise, it will create an apprehension in the minds of workers that after disposing of all the machienry there will be no modernisation. Therefore, great caution is required.

Secondly, I wish to draw your attention to the report of the Standing Committee. It is mentioned in report of the Standing Committee that there is an urgent need to streamline the tripartite machinery from the Central level to the shop-floor level; otherwise, I am afraid, this legislation will not be translated into practice. So many intricacies are there, i.e. disposal of the land, selling of assets and repayment of credits. For the last four or five years, a campaign is going on against the social sector. It has blown up. You have to walk against that wind. Therefore, in totality improving the functioning of the tripartite machinery at the apex level, specially at the shop floor level, is an urgent necessity. The Govenment, the management and the trade unions should work in unison. So far as workers are concerned, I would request the hon. Minister to remember that this modernisation programme is being taken up not to ruin the workers. In the textile industry the strength of workers has gone down from 15 lakhs to 11 lakhs. So far as the NTC mill is concerned, the worker's strength has gone down from 2.5 lakhs to one lakh. The workers have no capacity to sustain themselves. That is why they are actually accepting the question of disposing of the assets. It is the duty of the Government to allay the apprehensions in the minds of the workers. The first apprehension of the workes is that they may be dismissed or retrenched. The Ministry officials have already deposed before the Standing Committee that nobody would be dismissed. I request you to make a solemn assurance in this august House that nobody would be dismissed.

Secondly, there is another apprehension in the minds of the workers that while amalgamating a number of mills together the workers will be transferrd from one place to another place. In that case they would lose the service continuity. I want you to assure the House that there would be no discontinuity in service.There are complaints that about 10,000 workers have not received pension, gratuity and retirement benefits. If there is any dispute in this regard, I would request you to look into that. Sir, the need for streamlining the management is also very important.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Please conclude.

SHRI JIBON ROY: Sir, I am not making a speech. I am only making points. Kindly give me some more time. So far as the management is concerned, there is an urgent need to streamline the management. During the last two decades, after the nationalisation, taking over, the NTC mills have made a total loss of Rs. 3,900 crores.

8.00 PM

There has been no modernisation. There has been no raising of the production capacity. That was partly becuasc there was no wisdom in the Government to do so and partly it was becuase of the managerial lapses. Now, many of our good officials and technicians have left the N.T.C. and joined the private sector companies. You have to compete with the foreign companies and also the Indian barons like the Mafatlal Century, etc. Therefore, streamlining of the management is most important thing. Earlier there was the practice that only spinning was being done in the N.T.C mills and for weaving they used to go to the powerlooms, as the other big companies were doing. I feel that we should be done in the N.T.C. mills. So far as the suppliers' credit is concerned, I do not reject it totally. Probably, since the Government is not going to give the budgetary support, you may have to give the suppliers, the credit. But, at the same time, I hope that you will take care of that wherever indigineous industries are there. Our industuries are manufacturing textile machinery. The first chance should be given to them.

So far as sale of land is concerned, it is a sensitive subject. I have seen your calculations wherein you have estimated that you will get Rs. 700/- crores out of that. And, for proper Bombay, the price fixed is rupees three croes per acre. This is as I have seen it and I am subject to correction. Now, in the "New York Times" it has appeared that amongst all the urban towns in the world, during the last five years, the prices of land have gone up the higest in Bombay. The price in white money is 1/3rd of the price in black money. You should consider the price in white money only and you should take care that black money doesn't go anywhere. The actual price should be taken into consideration for the sale of the land..(*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Thank you, Mr. Jibon Roy...(*Interruptions*)

SHRI JIBON ROY: Lastly, Sir, after so much of investment and sacrifice on the part of the workers, you are modernising the mills. I want an assurance that after modernisation, you will not denationalise it and that you will not hand it over again to the private sector simply because the wind of privatisation is blowing now. That assurance is required. Thank you, Sir, and I hope you will accept my amendment.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): There is an announcement. Dinner has been arranged for hon. Members, the Press and the staff in Room Nos. 70 and 73 from 8.30 p.m. onwards, because we are setting a little late today, Shri Chaturanan Mishra, please.

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार): उपसभाध्यक्ष, महोदय, मैं इस बात को जानता हूं कि आर्डिनेंस लाने में

औचित्य की कमी थी। लेकिन इतने पर भी मैं इस आर्डिनेंस का भी समर्थन करता हूं और जो बिल मंत्री द्वारा लाया गया है, उसका भी समर्थन करता हूं क्योंकि कोई दूसरा रास्ता बचा नहीं था, इतने मजदूरों की नौकरी बचाने के लिए, इसलिए मैं इसका समर्थन करता हूं। मैं आपसे एक बात कहना चाहता हूं कि भारत सरकार विश्व बैंक के दबाव के कारण और विदेशियों के दबाव के कारण सही रास्ता नहीं अपना रही थी। इसमें हम देखते हैं कि यही इंडियन वे होगा, रीस्ट्रचरिंग आफ अवर एकानामी, अगर आप अच्छी तरह से चलें। मैं लेबर मिनिस्टर, टैक्सटाईल मिनिस्टर और ट्रेड यूनियन कन्सर्न, जिन्होंने टाइपार्टाइट कमेटी के जरिए यह सुझाव दिया, मैं उनको धन्यवाद देता हूं। मेरा ख्याल है कि हमारे देश में जहां पब्लिक सेक्टर में ज्यादा पूंजी लगी हुई है अगर हम इस देश का निर्माण करना चाहते हैं तो इसे नये तरीके से करना होगा। लेकिन इसमें टाइम इतना नहीं लगना चाहिए।

दूसरी बात जो मैं आपसे कहना चाहूंगा वह यह है हमको गहरा शक है कि यह काम तो सक्सेसफुली मंत्री महोदय कर लेंगे, हम लोग हाउस में उनके साथ हैं। लेकिन अगला काम मंत्री महोदय नहीं कर सकेंगे। इसलिए मैं उनको वार्न करता हूं इन्होंने कहा है कि हम चाहते हैं कि यह ठीक ढंग से काम करें।

मोनिटर कैसा होता है। आज के अखबारों में आया है। 54 per cent hike in mega projects alarms planners.

"According to the Planning Commission sources, 22 projects, out of 33 mega projects in the public sector, costing Rs. 1,000/- crores and above, are running behind schedule and the cost of these 22 projects and escalated from their latest approved cost of Rs. 30,000 odd crores to Rs. 52,000 crores."

अगर यह डिले होगा मंत्री महोदय तो आपके केस में delay means death. क्योंकि आपको सरकार बजट से रुपया नहीं देने जा रही है, कोई दूसरा भी नहीं देगा इसलिए सारी मेहनत हम लोगों की उठा कर चले जाएंगें अगर आप सही ढंग से इसको नहीं करते। आपकी एन०टी०सी० में बहुत करप्शन है। बहुत भोजन-भाव पहले हो चुका है। मैं इस पर नहीं जाना चाहता हूं। आप कोई रास्ता निकालिये। पहली तो बात तो यह है कि हम आप से कहेंगे कि जो जमीन आप बेचेगें वह ऑक्शन कीजिये। गवर्नमेंट हो सके तो कह दे कि ब्लैक हो या व्हाइट हो जिससे ज्यादा रुपया मिले वह रुपया आपके पास आना चाहिये।। गंगा जल से धो-धो कर अगर रुपया लीजियेगा तो वह बात होगी नहीं और मंत्री महोदय आप बादनाम हो जाइयेगा। मैं अभी कह देता हूं कि जितनी जमीन आप बेचेंगे हम लोग यहां से सवाल उठायेंगे कि वहां पर यह रेट था और आपसे इतने में बेच दिया (व्यवधान)

हमने तो आपको बता दिया है कि ट्रांसपेरेसी कीजिये, ऑक्शन से कर लीजिये, सारी दुनियां जाना जाएगी। हम कह रहे हैं कि अगर ब्लैक मनी वाले को देना चाहते है तो कहिये फाइनेंस मिनिस्टर को कि वह भी अलाऊ कर दें ताकि आप ज्यादा से ज्यादा संचय कर सकें। हमें कोई एतराज नहीं है।

So, first I want transparency.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Why do you want the Minister to commit mistakes? *...Interruptions)...*

SHRI CHATURANAN MISHRA: Sir, I don't say that he is taking black money. That is not my case. My case is that I am quite sure that he will be invovled in that. His officers may do it and from this side we will say they are dishonest and all these things, and then, you, not me, will stand up from there to defend the Government; that I also know. So, knowing all these things, I forewarn him.

श्री जगदीश प्रसाद माथुरः ठीक कह रहे हैं ब्लैक मनी खुल्लमखुल्ला लो।

श्री चतुरानन मिश्रः जो कुछ करना है आप ऑक्शन से करो, बेचो और पैसा आएगा सरकारी खजाने से।

Let all the black money come to the Government treasury. I have no objection.

श्री शंकर दयाल सिंहः जल्दी कीजिये मिश्र जी, मंत्री महोदय का ध्यान हैदराबाद में लगा हुआ है (व्यवधान)

श्री चतुरानन मिश्रः आपका भी और हमारा भी ध्यान हैदराबाद में है। सिर्फ माथुर साहब खुश है और तो कोई खुश नहीं होगा। मैं कहा रहा था transparency is the first thing and action through sale. Thirdly, there should be

joint management of workers and the management. Now, you introduce a new system.

My next point will be, Sir, that the public sector can exist in India only if it is competitive. This message must go to the workers and the management that is the public sector has to exist and, I think. it should exist, it must be competitive, both in quality, management, prices and all these things. And it must contribute something to the public exchequer. If they don't contribute, then how can we fight poverty? Just tell me. From where should we get the money? So, this new outlook must be there and I would like the Minister to impart this new feeling to his workers, to the trade union leaders and discuss with them.

Now, my last point is that to change this attitude, a new situation has to come in our country with globalisation and for that not only the workers but also the industry and the Government should co-operate, interact with each other and then only we can face the multinationals. I know full well that new things are taking place in this country, Sir, as you know, during the days of Gandhiji, I was a small boy taking part in picketing and all those things, there was a time when Manchester cloth was coming to India and at that time Gandhiji's slogan was "boycott that cloth." Now, what is happening? Bombay textiles are going to Manchester. This is quite a different situation. Now, a new thing will come up that after NAFTA, USA and Maxico have joined the market, as you know, in Canada. ..and from there the cloth will come and cheaper cloth will go because of the high technology and so many other things. But, Mr. Minister, I want remind you that your labour cost if highly competitive. It is less than one-fifth of what the Americans are paying compared to the developed countries. This is strictly in your hands and honesty being there, we are sure to succeed. This I have to tell you and request you please do not go into the trap of the corrupt officials, otherwise, you are sure to be blamed and I am sure to raise this question here.'

(ENDS)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Now the Minister will reply.

श्री जगदीश प्रसाद माथुरः मेरा अधिकार है।

श्री जी-वेंकटस्वामीः आपका तो हो गया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANSAMY): You have already made very good points.

श्री जगदीश प्रसाद माथुरः देखिए मेरी पार्टी के लिए 45 मिनट थे जिसमें से 20 ही लिए हैं और मेरा टाइम अलग होता है। जो मूवर है उसकी बात अलग होती है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Okay, but be brief.

श्री जगदीश प्रसाद माथुरः मैं दो तीन बातें कहूंगा। मैं समझता हूं कि मेरी बात सुन ले फिर मंत्री जी जवाब दें।

मैंने सारी डिबेट को बड़े ध्यान से सुना है और जो मेरे विपक्ष के लोगों ने बातें कही हैं वे सही हैं। मैं फिर आग्रह करूंगा कि मेरे सहयोगी जीवन राय ने जो अमेंडमेंट दिए हैं उनको स्वीकार किया जाना चाहिए और स्वीकार अगर न करने की स्थित में हों, औपचारिक दृष्टि से तो उनको आश्वासन दें कि हम मजदूरों के हित की जो बातें हैं उनको स्वीकार करेंगे।

मैं दो-तीन बातें और ध्यान में लाना चाहता हूं। खतरा यह है कि जमीन बेंचते समय आप ग्लोबल टेंडर तो नहीं करेंगे।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी॰ नारायणसामी): माथुर जी, **एक मिनट।** I would request Shri Shankar Dayal Singhji, if the House agrees, to occupy the Chair.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Do you want to be relieved?

The Vice-Chairman (Shri Shankar Dayal Singh) in the Chair

वे बहुत देर से बैठे हैं। बीच में एकाध चक्कर लगा आए ...(**व्यवधान**) आप तो ताजा बैठे हैं इसलिए कुछ तकलीफ नहीं होगी।

तो ग्लोबल टेंडर को संभावना है। खासतौर से जो बम्बई की जमीनें हैं...(**व्यवधान**) जैसा मैंने कहा था कि 50-60 हजार रुपए प्रति स्कवायर फुट की उनकी कीमत सेंट्रल बम्बई में है। इसलिए इससे अगर आप करेंगे तो आपको कितने हजार करोड़ रुपए मिलेंगे। यह संदेह हो रहा है कि आप ग्लोबल टेंडर्स मंगाएंगे और जो विदेशी कंपनियां हैं, विदेशी लोग हैं, अगर ये जमीनें खरीदेंगे तो वहां क्या उनका उपयोग होगा? पता नहीं है। तो मैं इसका स्पष्टीकरण भी चाहूंगा कि आप अगर ग्लोबल टेंडर करेंगे तो क्या जमीनों के उपयोग के लिए कोई बंधन होगा। वहां होटल बना देंगे, कुछ भी बना देंगे, क्या करेंगे। इसकी मुझे आपसे एक प्रकार से जानकारी चाहिए। फिर जो बेंचेंगे उसकी पद्धति क्या होगी। जहां तक समाचार पत्रों की रिपोर्ट है उनसे पता चलता है कि आपने यह सोचा है कि दो कमेटियां बनाएंगे। एक कमेटी जमीन को बेंचने के लिए होगी और दूसरी साज सामान को माल को खरीदने के लिए होगी। तो बेंचने वाली कमेटी को कौन हैंडिल करेगा? शायद आप यह चाहते हैं, मैं समाचार पत्रों के आधार पर ही बोल रहा हूं कि आप पहले जमीन फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स है उनको दे देंगें और वे बेंचने का काम करेंगे। तो फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स कौन से होंगे। यह भी एक ट्रस्ट होगा या कोई बैंक होगा? कौन होगा? इसका एक पैटर्न दीजिए कि फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स बेंचते समय खुद ही घपला न करें। ये भी वहा घपला करेंगे तो जैसे मेरे सब सहयोगियों ने कहा कि वह बुहत बड़ी चीज होगी क्योंकि यह कितने हजार करोड़ रुपए का पैसा आएगा।

एक और मुझे संदेह हो रहा है। इस बिल में आपने कहा है—

"Provided that proceeds of no such mortgage, transfer, sale and disposal shall be utilised for any purposes other than those sanctioned by the Central Government."

जाहिर है बड़ा अच्छा लग रहा है। लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट की अनुमति होगी। इसका अर्थ यह है कि आप कपड़ा उद्योग से बाहर भी किसी काम में इस्तेमाल करने का इरादा रखते हैं। क्या बजेटरी डिफिसिट को पूरा करने के लिए पैसा दिया जाएगा। आपने किसी भी फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स की सेल करने के लिए कह दिया। सेल करके पैसा उनके पास आ गया। तो आकर कहां जाएगा। व्हेयर इट विल गो? यह मैं आश्वासन चाहूंगा कि यद्यपि आपने कहा कि यह सेंट्रल गवर्नमेंट का है। ठीक है यानी एन०टी०सी० स्वतंत्र न हो जाए। बात समझ में आती है लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट की तरफ से यह वादा होना चाहिए कि वह कपड़ा उद्योग के अलावा यह जो करोड़ों रुपया है उसका उपयोग नहीं करेंगे। वरना बजट में डाल दिया और डेफीसिट पूरा करने को पूरा कर दिया। तो लिहाजा ये दो-तीन बातों पर मैं स्पष्टीकरण चाहूंगा। नंबर एक, आपका बेंचने का तरीका क्या होगा? आप क्या ग्लोबल टेंडर्स बुलाएंगे? तीसरे, उस जमीन के उपयोग करने का क्या तरीका होगा? इस पर कोई बंधन होगा या नहीं होगा? और यह आश्वासन कि वह पैसा कपड़ा उद्योग में ही लगेगा अन्य किसी प्रकार से नहीं लगेगा ये चार-पांच बातें मैं और आपसे स्पष्टीकरण चाहता हूं।

श्री जी० वेंकट स्वामी: उपसभाध्यक्ष जी, माथुर साहब ने पहला सवाल यह किया कि आपको आर्डिनेंस निकालने की क्यों जरूरत पड़ी और इतना जल्दबाजी क्यों किया, मैं उपसभाध्यक्ष जी, यहां एक जवाब दे देता हूं कि आर्डिनेंस इस वास्ते निकालना पड़ा कि बी०आई०एफ०आर० में केस था और फाईनल को था और उन लोगों ने आखिरी आर्डर दिया था कि अगर यह डेट के अंदर आप कोई प्रोपोज़ल सबमिट नहीं करेंगे तो हम इस केस को आपके खिलाफ करेंगे। हमको उसकी जल्दी थी बी०आई०एफ०आर० के सामने जाने के लिए, तो हमको आर्डिनेंस निकालना पड़ा और फिर आपके पास जाना पड़ा। इसके सिवाय और कोई जवाब नहीं है। अब मै आपसे कहता हूं उपसभाध्यक्ष जी, आप ही ने कहा था पांच साल हो गए, पांच साल नहीं हुए, मैं टैक्सटाइल में जनवरी 1993 में आया। आते ही मैंने वर्किंग क्लास को एनाउंस किया, एज़ ए ट्रेड यूनियन लीडर की हैसियत से कि ये सारे के सारे 122 मिल्स को कोआपरेटिव सोसायटी बनाकर आप लोग चलाइये। सारे ट्रेड यूनियन से मैंने अपील की तो सारे के सारे लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। हम नहीं चला सकते। 6 महीने इंतजार किया। फिर मैंने सोचा क्योंकि थोड़ा-बहुत तजुर्बा मुझे है टैक्सटाइल इंडस्ट्री में ट्रेड यूनियन वर्किंग क्लास को लेकर आगे बढ़ने का, काम करने का, बोबिन से लेकर ब्लू रूम तक क्या है टैक्सटाइल इंडस्ट्री में यह मैं बोल सकता हूं और उस पर काफी चीजों की मालूमात आनरेबल मैंम्बर्स को दे सकता हूं। टी०आर०एज़० को हमने बुलाया कि इसको माडर्नाइज़ेशन करना है तो साइंटिफिक तरीके से करना है। इसलिए उपसभाध्यक्ष जी, मैंने टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशंस, चार हैं हिंदुस्तान में, अभी-अभी मिश्र साहब ने कहा, एक जमाना था हिन्दुस्तान को कपड़े के लिए कोट किया जाता था मानचेस्टर का, वहां पर भी मैंने जाकर देखा वहां का भी

टैक्सटाइल रिससर्च एसोसिएशन कुछ काम का नहीं रहा, मगर हमारे चार टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशंस जो बहुत ही, पूरी दुनिया में मशहूर हैं सिटरा, बिटरा, अटेरा एंड निपरा, इन चारो को मैंने उनको सुपुर्द किया, टैक्सटाइल मिनिस्टरी ने यह सोचा कि आखिर यह कब तक, ये जिस तरह से 3,900 करोड़ रुपया गवर्नमेंट आफ इंडिया का जा रहा है अगर इसी तरह से इसको चलाते जाएं तो और चलते ही रहेगा, नुकसान होता ही रहेगा। इस देश के बिलो पावर्टी लाइन के अंदर जो जिन्दगी गुजार रहे हैं उनके टैक्स को इन मिलों के ऊपर डालना पड़ेगा इसके लिए कोई रास्ता होना चाहिए। हमने टैक्सटाइल मिनिस्ट्री में बैठ कर यह रास्ता सोचा और हमारे प्राइम मिनिस्टर ने उसको अप्रूब किया कि हां, ठीक है यह रास्ता अख्तियार करो। फिर उसके बाद यह टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन को बुलाकर हमने कहा आपको जो भी पैसा होता है रिसर्च के लिए इसको किस तरह से नया मिल बना सकते हैं, किस तरह से इसको प्रोडक्टिविटी के लिए और एक्सपोर्ट ओरिएंटेड के लिए कपड़ा तैयार करने में आपको क्या-क्या मशीनरी की जरूरत है, क्या-क्या हम चेंजेज़ ला सकते हैं, आप हमको रिपोर्ट सबमिट कीजिए। उपसभाध्यक्ष जी, जून, 1993 में डेट याद रखिये माथुर साहब, जनवरी 1993 में मैं आया 6 महीने इंतजार किया, कोई ट्रेड यूनियन लीडर्स या फैक्ट्री के वर्कर्स कोई आएं और आकर यह संभालें। मगर यह कहना मुझे जरूरी होता है अगर गोविंदराव आदिक साहब अभी आर०एम०एम०एस० के प्रेसीडेंट हैं, तो सिर्फ डा० दत्ता सामंत ने दो मिलों के लिए लाया। मैंने कहा कि इसके लिए पार्लियामेंट में अमेंडमेंट बिल लाना पड़ेगा और उसको बेंचने की परमीशन देनी पड़ेगी। फिर दो के लिए तो नहीं कर सकते। आप पूरे 122 के लिए लाइए, हम पार्लियामेंट के सामने ज़रूर जाएंगे। तो वह आए नहीं और सारे-के-सारे ट्रेड यूनियंस—बी०एम०एस०, आई०एन०टी०यू०सी०, सी०आई०टी०यू० और ए०आई०टी०यू०सी० सभी ने रिफ्यूज किया। हम कोई वर्कर्स कोआपरेटिव नहीं बनाएंगे। हम यह जिम्मेदारी नहीं लेना चाहते। तब मैंने टैक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन को बुलाया और उन के सुपुर्द किया। उन लोगों ने एक-एक मिल में जाकर रिपोर्ट सबमिट की। उसके बाद हमने सोचा कि यह बगैर ट्रेड यूनियन कोआपरेशन के यह मॉडर्नाइजेशन का काम नहीं चल सकता। मैंने लेबर मिनिस्टर साहब से रिक्वैस्ट की कि आप सेंट्रल ट्रेड यूनियंस को बुलाइये और एक ट्रायपर्टाइट कमेटी बनाइये। हम लोग मॉडर्नाइजेशन का प्लान और नक्शा उन के सामने रखेंगे और डिस्कस करेंगे। यह छः महीने तक चलता रहा। ट्रायपार्टाइट कमेटी में "मर्जर इज क्लोजर" पर काफी चर्चा हुई। फिर आखिर में कम्प्रोमाइज हुआ और उन्होंने फॉर्मूला दिया। महोदय, अभी शंकर दयाल सिंह जी, माथुर साहब और हमारे प्रागदा कोटैया जी—इन सारे माननीय सदस्यों ने सजेशन दिए, उसमें यह था कि किसी वर्कर को रिट्रेंच नहीं करें। हमारे जीवन राय जी का अमेंडमेंट भी है। ट्राइपार्टाइट कमेटी ने 8 वसूलों को तय किया। उसमें पहला उसूल यह है कि प्रावेटाइजेशन नहीं होना चाहिए। दूसरा यह है कि वर्कर्स को नहीं निकालना चाहिए और जो प्रॉपर्टी है उसको बेच कर मॉडर्नाइजेशन करना चाहिए। इस तरह से 8 प्रिंसिपल्स ट्रायपार्टाइट कमेटी ने दिए और उन्हीं प्रिंसिपल्स को लेकर हम आगे बढ़े जिनका मेन मकसद यह है कि 1 लाख 76 हजार वर्कर्स जो कि 122 मिल्स में काम करते हैं, उन को किसी तरह से हम बचा सकें। ट्रायपार्टाइज़ट कमेटी बॉम्बे, गुजरात और जहां-जहां भी गयी, उसने देखा कि एक सौ साल, एक सौ बीस साल, एक सौ तीस साल और एक सौ पचास साल पुरानी मशीनरी है जिसमें वर्कर्स काम नहीं कर सकता है, जिससे प्रोडक्टिविटी नहीं निकल सकती और सारे ट्रेड यूनियन लीडर्स कनविंस हुए कि इस मशीनरी को निकालकर फेंक दो। इस को बेंच डालो या कुछ करो, मगर नयी मशीनरी के साथ इसको मॉडर्नाइज करो। आप लोग भी जाकर देख सकते थे कि उन फैक्ट्रीज में क्या हालत है? उसे अगर आप एनवायरमेंटल व्यू से देखें तो पाएंगे कि वर्कर वहां किस तरह से "ब्लू रूम" में काम कर सकता है? उसको ब्लू रूम में 8 घंटे काम करना होता है। उसका क्या हाल होता है, यह मुझ से पूछिए। मैं बता सकता हूं या मेरे साथी जो ट्रेड यूनियन लीडर्स हैं, वह बता सकते हैं। मैं आपको बता सकता हूं कि उस मशीनरी को हटाने का मकसद हमारा बुनियादी है। इन सारे वर्कर्स के एम्पलायमेंट को बचाना हमारा बुनियादी मकसद था और जैसाकि हमारे ऑनरेबल मेंबर ईश्वर चन्द्र गुप्ता साहब ने भी बहुत सारी चीजें रखीं। उन्होंने बताय कि बेच नहीं सकते, आप यह नहीं कर सकते। अरे भाई, जो नहीं कर सकते उस के लिए तो आप सब की सहमति चाहते हैं और स्टेट गवर्नमेंट का पूरा सहयोग मिलेगा क्योंकि उन की मुसीबत है कि जो "आइडल वेज" वर्कर्स ले रहे हैं, वह कब तक देते रहेंगे तो उसको निकालने के लिए, यह सारा मॉडर्नाइजेशन का प्लान लाने का हमारा बुनियादी मकसद है। वर्कर्स को किसी को रिट्रेंच न करें, पुरानी मशीनों को निकाल कर फेंक दें और नई मशीन लेकर नए रूप से काम करें, यही मकसद है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक बात की गलतफहमी हो रही है लैंड बेचने के बाद कई हजार करोड़ की, हम लोगों ने इतना ही कहा कि सरप्लस जितना है, मिल तो नहीं रहेगा, एक आइडिया आ गया है हमको कि भाई यह हजारों करोड़ रुपए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के जा रहे हैं, उस को बचाने के लिए हम क्या करें? उस जमाने में बड़े-बड़े मालिकों ने ये बना लिया। बड़े-बड़े उस जमाने में मालिकों ने बना लिया और खूब जितना रस चूसना था चूस लिया, गुठली छोड़ दी। अब उस गुठली का व्यापार हो रहा है। इसमें भी क्या बचता है? भाई, यह तो किस्मत वर्करों की है। उस जमाने में लोगों ने एक रुपया गज लिया होगा, आज ज्यादा दाम आ रहा है।

अभी माथुर साहब ने पूछा कि क्या आप यह पैसा डायवर्ट करके किसी और इंडस्ट्री में ले जाएंगे? मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह 122 टैक्सटाइल एन०टी०सी० मिलों के अंदर ही खर्च होगा, उससे बाहर नहीं जाएगा, उनके मॉडर्नाइजेशन पर खर्च होगा। प्रागदा कोटैया जी ने कहा कि इतने लाख गज कपड़ा कम हो गया, इतने स्पिंडल कम हो गए, इतना यार्न कम हो गया, तो मैं उनको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पैसा अगर ज्यादा आया तो ज्यादा से ज्यादा लूम लाने की कोशिश करेंगे, ज्यादा से ज्यादा स्पिंडल बढ़ाने की कोशिश करेंगे, उस इंडस्ट्री को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश करेंगे और क्वालिटी को ज्यादा अच्छा करके एक्सपोर्ट करने के लिए कोशिश करेंगे। यह मैं आनेरेबिल मैम्बर को विश्वास दिलाना चाहता हूं।

जैसा आपने कहा, मैंने लोकसभा में भी कहा था कि बेंचने का हम क्या सिस्टम करें। यह सही है, मैं ने ट्रायपार्टाइट कमेटी में भी कहा कि भाई, आप सब लोग रखो। यह तो बदनामी की बात है। मिश्र जी ने भी बड़ा डाऊट जाहिर किया, भाई, यह जो बेचने की बार्त है इसमें नियत खराब हो जाती है। तो हम कितने में भी बेचें, मगर पार्लियामेंट मैम्बर आकर बोलता है कि नहीं, इससे ज्यादा आने वाला था। मैंने बोला—भाई, आप ही लोग रखो। हम रहना नहीं चाहते, आप लोग रहकर जो है बेचो। अब आप इसमें भी पीछे जाते हैं औनेरेबिल मैम्बर और सवाल करने के लिए नंबर वन रहेंगे। चाहे जितने में भी बेंचो, आप सवाल करते हैं। मैं आपसे रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि इसके लिए हमने, मिनिस्ट्री की तरफ से हमने सोचा कि एक दो कमटी बनाएं। इसमें एक तो प्रोपर्टी, लैण्ड, जो भी मशीनरी सेल करने के लिए और दूसरी नई मशीनरी परचेज करने के लिए एक कमेटी बनाएं। उस कमेटी के अन्दर किसी ऐसे आदमी का नाम आना चाहिए, जिस पर कोई अंगुली न उठा सके, इवेन आनेरेबिल मैम्बर भी न उठा सकें। तो ऐसे लोगों की कमेटी बनाकर मैं उनके सुपुर्द करना चाहता हूं ताकि वह जो पैसा आएगा उससे यह मोडर्नाइजेशन करके हिन्दुस्तान की वर्किंग क्लास को आगे बढ़ाया जाए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं माथुर साहब और अन्य आनेरेबिल मैम्बर्स को यह बताना चाहता हूं कि मैंने जनवरी, 1993 में जिस वक्त यह पोर्टफोलियो संभाला था, आपको ताज्जुब होगा 12,000 करोड़ का हमारा एक्सपोर्ट था, लास्ट ईयर की फिगर यह है कि 38,000 करोड़ का एक्सपोर्ट टैक्सटाइल मिनिस्ट्री से हुआ है। टोटल एक्सपोर्ट जो है कंट्री का, उसमें 37 परसेंट हमने किया है। अगर 122 मिल का मॉडर्नाइजेशन हो गया तो मुझे विश्वास है कि हम 40 से 45 परसेंट तक आगे जा सकते हैं। आज देश में ही नहीं वरन सारी दुनिया के अंदर टैक्सटाइल का सारा दिवाला हो रहा है। यूरोप में भी और अमरीका में भी यही हाल है। साऊथ कोरिया, जापान में थोड़ा टैक्सटाइल रह गया है। सिर्फ दो कंट्री में रह गया है, जिनमे नंबर एक चाइना का आता है और नंबर दो पर इंडिया है। दुनिया की टोटल टैक्सटाइल की परसेंटेज में चाइना का 13 परसेंट है और हिंदुस्तान का जो है वह 2 परसेंट है। मैं समझता हूं कि हमारी जितनी भी टैक्सटाइल की इंडस्ट्री है अगर उन 122 का मॉडर्नाइजेशन हो जाए तो हमारा परसेंटेज और ऊपर आएगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अब कहा गया कि प्राइवेट वालों का क्या सवाल है। कई मैम्बरों ने बताया कि प्राइवेट मिल का क्या हाल है? जुमला देश में 1350 इंडस्ट्री टैक्सटाइल की है, जिनमें हमारी पब्लिक सैक्टर की तकरीबन 200 है और बाकी 1000 से ऊपर प्राइवेट सैक्टर की है। टैक्सटाइल मिनिस्ट्री यह सोच रही है कि क्या हम प्राइवेट सैक्टर के लिए भी कुछ मदद कर सकते हैं, उनको मोडर्नाइजेशन का रास्ता दे सकते हैं क्या। उद्देश्य यह है कि अगर प्राइवेट सैक्टर की मिलों का भी मोडर्नाइजेशन हो गया तो वर्कर्स का तो भला होगा ही और वर्कर्स का ही भला नहीं होगा बल्कि देश का भी एक्सपोर्ट से भला होगा और हमारी प्रगति भी आगे बढ़ सकती है।...चाइना जिस तरह से आगे जा रहा है, उसी तरह से हिंदुस्तान को भी इस रास्ते पर ले जाना हमारा बुनियादी मकसद है टैक्सटाइल मिनिस्ट्री का। उपसभाध्यक्ष जी, क्योंकि बहुत सारे प्वाइंट्स हैं लेकिन बुनियादी मकसद हमारा एक ही है कि सरप्लस लैंड वगैरह बजट सपोर्ट के। अब आप बोलेंगे कि बजट से क्यों नहीं ले रहे हैं? उपसभाध्यक्ष जी, मैंने एक प्वाइंट

नहीं बताया आपको कि ट्राइपारटाइट कमेटी में जाने से पहले हमने इन्कम टैक्स से वेल्यूएशन भी कराया कि यह जो सरप्लस लैंड है इसका वेल्यूएशन क्या होता है? इन्कम टैक्स डिपार्टमेंट ने वेल्यूएशन करके भी भेजा है, इतना पैसा आएगा जितना मोडर्नाइजेशन के लिए जरूरी है। आपके कुछ ख्वाब अगर पूरे हो गए, हमको जितना चाहिए उससे दुगुना मिले, तो लूम्स बढ़ेंगे, स्पिनडिल्स बढ़ेंगे, किसी और इंडस्ट्री में इस काम के लिए पैसा नहीं जाएगा, यह मैं आनरेबल मैम्बर्स को विश्वास दिलाता हूं।

उपसभाध्यक्ष जी, प्राइवेट मिलों के बारे में अंदाजा हमारा है कि अगर 15,000 करोड़ आए तो जो 1,000 से ऊपर प्राइवेट सैक्टर मिल्स हैं, उनमें से 75 परसेंट सिक हैं यानि कि कैश क्लाथ में चल रही हैं, उन लोगों की मदद करने के लिए भी हम स्कीम तैयार कर रहे हैं। बहुत मुमकिन है कि उनको किसी न किसी तरह से हम पैसा लाकर फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस में दें और उन लोगों को कहें कि हाई वेल्यू क्लाथ को बनाकर एक्सपोर्ट करने के लिये वे रास्ता खोलें। यह सोच रही है टैक्सटाइल मिनिस्ट्री। मैं फाइनली कोई निर्णय किए बगैर ऑनरेबल मैम्बर्स को बताना नहीं चाहता और उसमें वर्क आउट करके मैं फिर आपके सामने आऊंगा ताकि इंडिया की एन०टी०सी० टैक्सटाइल मिल्स ही नहीं, बल्कि इंडिया की 1300 से ऊपर जो टैक्सटाइल इंडस्ट्री हैं, उन सबका मॉडर्नाइजेशन होकर दो-तीन साल के अन्दर दुनिया के सामने हमारा जो क्लाथ, हमारा जो यार्न है, वह आए।

हैंक यार्न के लिए अभी हमारे प्रागदा कोटैया साहब बोल रहे थे, उनको जवाब देना चाहता हूं, अभी चले गए वे, कि जितना हैंक यार्न हमारी कंट्री के लिए जरूरी है उससे ज्यादा प्रोडक्शन हम लेकर रखे हैं, उठाने वाले नहीं हैं। मिल वाले बंक मार रहे हैं कि हैंक यार्न, हैंक यार्न, आप 50 परसैंट आब्लीगेशन बोलते हैं, हम दे रहे हैं, मगर खर्चा नहीं हो रहा है, खरीदी नहीं हो रही है। तो इन सारे पहलुओं को देखकर, इधर मिल को बचाना है, इधर वीवर को बचाना है। अब बोलते हैं कि कॉटन के प्राइसिज़ उपर गए हैं, इन वर्करों की क्या हालत है, इन वीवर्स की क्या हालत है? मैं आप से कहता हूं कि हमारे प्राइम मिनिस्टर ने जब हमने उनसे कहा, जब वी० पी० सिंह की गवर्नमेंट थी तो स्टारविंग डेथ्स हुए, फिर यह रास्ता यहां भी आ जाएगा क्योंकि 1991 में जो हालत हुई, स्टारविंग डेथ्स हुई वीवर्स की, फिर हो जाएगी तो उन्हें प्रति किलोग्राम 20 रुपए सबसिडी दिया गया है, दो साल से दे रहे हैं क्योंकि कॉटन के प्राइस बढ़ गए हैं, तो उनकी मदद के लिए हम कर रहे हैं। इधर वीवर्स को देखना है, उधर किसानों को देखना है। किसान साल-दो साल से बहुत खुश हैं उनको अच्छा रेट मिल रहा है कॉटन के लिए। इधर वीवर्स को हम देख रहे हैं कि इनको सबसिडी दी है तो ये मरेंगे नहीं, कम से कम जिंदा रहेंगे और उनके लिए कई स्कीमें हमने दी हैं। अब प्रागदा कोट्या ने सब स्कीमों को देखा है लेकिन अमल क्यों नहीं हो रहा है। उपसभाध्यक्ष जी, करोड़ों रुपया हैंडलूम वीवर्स के लिए हम दे रहे हैं, लेकिन उस पर अमल किसने करना है? स्टेट गवर्नमेंट ने। मैं बड़े अफसोस के साथ कहता हूं कि बिलो पावर्टी लाइन जीने वाले वीवर्स के लिए हम जो पैसा भेज रहे हैं, उसका इम्प्लीमेंटेशन हमारे हाथ में नहीं है, वह स्टेट गवर्नमेंट के हाथ में है और अगर वे नहीं कर रहे हैं तो प्रागदा कोटैया साहब को वहां धरना करना चाहिए उसको अमल कराने के लिए।

तो मैंने यह सारी चीजें आपके सामने इसलिए रखीं ताकि मैं बता सकूं कि टैक्सटाइल मिनिस्ट्री क्या कर रही है और टैक्सटाइल मिनिस्ट्री ने आज हिंदुस्तान में पहली बार 122 मिलों के मॉडर्नाइजेशन का प्रोग्राम लिया है। उपसभाध्यक्ष जी, यह हिंदुस्तान में ही नहीं, मैं कह सकता हूं ऑनरेबल मैम्बर्स के सामने कि सारी दुनिया में आज तक 122 मिलों का मॉडर्नाइजेशन किसी ने नहीं लिया और इसे टैक्सटाइल मिनिस्ट्री, गवर्नमेंट आफ इंडिया ने लिया है और हमारी मदद करने के लिए आप सबकी सहायता चाहिए।

मैं जीवन राय साहब से अपील करता हूं कि उन्होंने जो अमेंडमेंट दिया है, हमारी ट्राइपरटाइट कमेटी में वे सारी चीजें मौजूद हैं और उसको केबिनेट ने सैंक्शन किया है और सैंक्शन होने के साथ करीब 15 मिलों को जो टेक-ओवर किए थे, उनके नेशनलाइजेशन के लिए आपके सामने आए हैं, तो आप कृपा करके विदड्रा करेंगे और हमारा साथ देंगे। इन चन्द अल्फाज़ के साथ मैं समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): in the Chair]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mathurji, are you pressing your Resolution seeking diapproval of the Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Amendment Ordinance, 1995?

श्री जगदीश प्रसाद माथुरः महोदय, बिल का उद्देश्य तो अच्छा है। आश्वासन भी मंत्री महोदय ने दिए हैं,

केवल संदेह थोड़ा रहता है कि एन०टी०सी० में ईमानदारी आवश्यकता से ज्यादा है। लेकिन फिर भी आपने जो बातें कही हैं, मैं उसमें अड़चन नहीं डालना चाहता और चाहता हूं कि बिल पास हो जाए और आप काम शुरु करा दें। इसलिए में अपने संशोधन प्रस्ताव को वापिस लेता हूं।

The Resolution was, by leave, withdrawn.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I shall now put the motion moved by Shri G. Venkat Swamy to vote. The question is:

> "That the Bill to amend the Sick Textile Undertakings (Nationalisation) Act, 1974 and the Swadeshi Cotton Mills Company Limited (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1986, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We shall now take up the clause-by-clause consideration of the Bill. We shall take up clause 2. There is one amendment by Shri Jibon Roy.

Mr. Jibon Roy, are you moving your amendment?

श्री जीवन राय: मैंने बिल को स्पोर्ट कर दिया।

You only give an assurance that you will not denationalise it. Then, I will not move any amendment.

Clause 2 was added to the Bill

Clauses 3 and 4 were added to the Bill

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI G. VENKAT SWAMY: Sir, I move

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Now, we will take up the other Bill.

Mathurji, you have moved another Resolution. Are you withdrawing the Resolution seeking disapproval of the Textile Undertakings (Nationalisation) Ordinance, 1995?

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Sir, I withdraw the Resolution.

The Resolution was, by leave, withdrawn.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): I shall now put the motion moved by Shri Venkat Swamy to vote. The question is:

> That the Bill to provide for the acquisition and transfer of the textile undertakings, and the right, title and interest of the owners in respect of the textile undertakings, specified in the First Schedule with a view to augmenting the production and distribution of different varieties of cloth and yarn so as to subserve the interests of the general public and for matters connected therewith or incidental thereto, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We shall now take up the clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 15 were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We shall now take up clause 16. There is one amendment by Shri Jibon Roy.

SHRI JIBON ROY: I am not moving my amendment.

Clause 16 was added to the Bill.

Clauses 17 to 19 were added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We shall now take up clause 20. There is one amendment by Shri Jibon Roy.

SHRI JIBON ROY: I am not moving my amendment.

Clause 20 was added to the Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): We shall now take up clause 21. There is one amendment by Shri Jibon Roy.

SHRI JIBON ROY: I am not moving it.

Clause 21 was added to the Bill.

Clauses 22 to 38, and the 1st and the 2nd Schedules were added to the Bill.

Clause 1 and the Enacting Formula were added to the Bill.

The Preamble was added to the Bill.

The Title was added to the Bill.

SHRI G. VENKAT SWAMY: Sir, I beg to move:

"That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

SHRI VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Now, we will take up the National Commission for Minorities (Amendment) Bill, 1995.

THE NATIONAL COMMISSION FOR MINORITIES (AMENDMENT) BILL, 1995.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश): श्रीमन्, मेरी इसमें असहमति है।..**(व्यवधान)**..इस प्रकार से लास्ट समय में, आखिरी दिन में, आखिरी घंटे में लाना, यह अनुचित है। हम लोग चाहते थे कि पूरी डिबेट हो। जहां तक एक छोटा अमेंडमेंट है, जितना औरों को दिया उसमें मेरा कोई ऐतराज नहीं है लेकिन सिद्धांत में मैं और मेरा दल इसमें कई बातों में विरोध करते है तो मैं समझता हूं कि यह जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए।..**(व्यवधान)**..

श्री एस॰एस॰ अहलुवालिया: (बिहार): जी नहीं, जी नहीं..यह वाइस-चेयरमैन का सवाल है, इसको मत बोलिए...**(व्यवधान)**...आप छोड़ दीजिए इसको।...**(व्यवधान)**...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: जिस सिद्धांत पर आप बता रहे हैं, मैं समझता हूं कि माइनॉरिटी कमीशन ऐज़ सच भी संविधान की भावनाओं के विरुद्ध नहीं होना चाहिए। ह्यूमन राइट्स कमीशन आज है। ह्यूमन राइट्स कमीशन है, आप उसको बढ़ा दीजिये। आप ह्यूमन राइट्स कमीशन एक रखते, माइनॉरिटी कमीशन अलग है।...**(व्यवधान)**....मेरा इसमें प्रारंभिक मतभेद है नंबर एक कि आप अंत के दिन इस चीज को क्यों लाए है?

THE MINISTER OF WELFARE (SHRI SITARAM KESRI): Minorities Commission is already existing.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: I know that.

श्री सीताराम केसरी: सुनिए, आप जो बोल रहे हैं, वह अलग से डिबेट कर लीजिएगा,...**(व्यवधान)**...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: डिबेट अलग से नहीं हो रही है।....**(व्यवधान)**...मैं तो निवेदन करुंगा कि क्या यह पद्धति सही है कि आखिरी दिन आखिरी समय में एकदम चार बिल लाए जाएं, यह क्या तरीका है?...**(व्यवधान)**...दो दिन पहले बिल को सरकुलेट करने का नियम है, उसको आपने कब किया है? Why have you waived this condition?

उपसभाअध्यक्ष (श्री वी॰ नारायणसामी): माथुर जी...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: नहीं, मुझे अपनी बात तो कहने दीजिए। नियम के अनुसार दो दिन पहले कम से कम बिल सरकुलेट होना चाहिए। You have not done it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. NARAYANASAMY): Mathur Sahib, you have made your point. Kindly take your seat.

SHRI JAGDISH PRASAD MATHUR: Moreover there is no quorum. आज कोरम देखिए, कोरम की नहीं है। कोरम है? कोरम ही नहीं है।

SHRI M.A. BABY (Kerala): Sir, it is a fact that the Business Advisory Committee had allotted two hours time for the discussion of this Bill, but even then there have been occasions when we generally do not differ and everybody agrees that there would not be any dispute and everybody would support this Bill because this is an innocuous Bill. Of course. This is also an important Bill because, in the absence of the Chairman of the Minotirties Commission, there should be a Vice-Chairman to preside